भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2027

11.02.2026 को उत्तर देने के लिए

जिला स्तरीय योजना और कार्यक्रम जवाबदेही

†2027. श्रीमती रुचि वीराः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले से संबंधित सामाजिक-आर्थिक और औद्योगिक आंकड़ों की पर्याप्तता और समयबद्धता विशेषरूप से विकास कार्यक्रमों की योजना, निगरानी और मूल्यांकन की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो जिले में साक्ष्य आधारित नीति निर्माण को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा किए गए आंकड़ों के संग्रहण सुधारों, प्रशासनिक समन्वय और सर्वेक्षण में किए गए परिशोधनों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सही जिला स्तरीय योजना और कार्यक्रम की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित सांख्यिकीय प्रणाली सुदृढ़ीकरण उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) देश भर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विषयों पर बड़े पैमाने पर प्रतिदर्श सर्वेक्षण आयोजित करने और केंद्रीय प्रतिदर्श आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय स्तर और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण संकेतकों का अनुमान प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है।

एमओएसपीआई ने **योजना,निगरानी और विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन** के लिए आधिकारिक आंकड़ों की गुणवत्ता, आवृत्ति, समयबद्धता, बारीकी और सुलभता को बढ़ाकर साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और योजना को सुदृढ़ करने हेतु कई सुधार/पहल की हैं। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके लिए ई-सिग्मा मंच के साथ एकीकृत कंप्यूटर सहायित व्यक्तिगत साक्षात्कार (सीएपीआई) जैसे डिजिटल मंचों को अपनाया गया है, जिनमें अंतर्निहित सत्यापन जांच, एआई-सक्षम चैटबॉट और बहुभाषी

इंटरफेस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रमुख सर्वेक्षणों के प्रतिदर्श डिजाइन को जिले को मूल स्तर के रूप में अपनाकर संशोधित किया गया है, जिससे राज्यों को **साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण** के लिए प्रमुख संकेतकों के जिला (मुरादाबाद सहित) स्तर के अनुमान तैयार करने में सहायता प्राप्त होती है।

मॉस्पी सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण सहायता (एसएसएस) उप-योजना के माध्यम से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के क्षमता निर्माण में वृद्धि करने में सहायता करता है। इस उप-योजना का उद्देश्य विश्वसनीय आधिकारिक सांख्यिकी के संग्रहण, संकलन और प्रसार के लिए राज्य सांख्यिकीय प्रणाली की सांख्यिकीय क्षमता और संचालन में सुधार करना/सुदृढ़ता लाना है।

*****